Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding development of National Highway 561 into Ring Road and to develop Chandrabhaga as Namami Gange

डॉ. जयसिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर) : महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं ।… (व्यवधान)

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सोलापूर के पंढरपुर शहर को दक्षिण की काशी कहा जाता है । पंढरपुर शहर के पूर्व की ओर स्थित शेगाव-दुमाला राष्ट्रीय महामार्ग 561 रिंग रोड विकसित करने की आवश्यकता है ।

-

12.59 hrs. (Shri Kodikunnil Suresh *in the Chair*)

पंढरपुर शहर से सोलापूर, उस्मानाबाद, लातूर, अहमदनगर, सातारा, सांगली, कोल्हापूर, विजापूर तक यातायात की जाती है । इसके चलते शहर में अधिकतर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है । पंढरपुर शहर में चैत्र, आषाढ़, कार्तिक, माघ मास में प्रमुख यात्रा होती है, जिसमें लाखों दर्शनार्थी दर्शन के लिए आते हैं ।

13.00hrs.

इसके लिए ट्रैफिक को उपरोक्त रूट से डायवर्ट करना पड़ता है । पंढरपुर शहर के पूर्व में तीन मार्ग शेगांव, दुमला से मंगलवेढ़ा पंढरपुर रोड, राष्ट्रीय महामार्ग 56 को रिंग रोड बनाने की जरूरत है ।

मैं माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से नम्र निवेदन करता हूं कि राष्ट्रीय महामार्ग 561 को रिंग रोड में विकसित करने के लिए उचित कार्रवाई हो । इसके साथ ही साथ, चन्द्रभागा को 'नमामि गंगे' के रूप में विकसित करने का निवेदन करता हूं ।